कार्यालय:: महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश

संख्या–एम0ई0–3 / यू0जी0–2024 / 2198 लखनऊ दिनांक 04/10/2024

यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के अन्तर्गत प्रवेशित अभ्यर्थियों के त्याग–पत्र दिये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना।

यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता हैं, कि यदि वह अपनी प्रवेशित सीट से त्याग–पत्र देना चाहते हैं, तो तृतीय चक्र की ऑनलाइन काउन्सिलिंग की च्वाइस फिलिंग से दो दिन पूर्व अर्थात् दिनांक **09.10.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे** तक अपनी सीट से त्याग–पत्र दे सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा जिस मेडिकल कालेज / नोडल सेन्टर पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गयी हैं, उसी मेडिकल कालेज / नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर त्याग–पत्र देंगे। अन्य किसी माध्यम से त्याग–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

त्याग–पत्र के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–आई / 700717 / 2024, दिनांक 26 जुलाई, 2024 में दी गयी शर्तें / प्रतिबन्ध लागू होंगे।

कृते महानिदेशक।